St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD

KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Worksheet –9)** **Date: 17.08.2020**

Topic: अपठित गदयांश **Class -4**

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

चिड़ियाघर में तरह - तरह के जानवरों को देखकर कई लोगों की मन में अनेक सवाल उठते हैं | ये बेजुबान जानवर अपने बंधनो की कहानी किसी को बता भी नहीं सकते , न जाने कब से यहाँ रह रहे हैं | कभी - कभी लगता है कि उनकी आँखों से आंसू बाह रहे हैं | ये सभी जीव अपनी इच्छा के अनुसार नहीं रह पाते | इनके लिए जो वातावरण प्रकृति में सुखकर है , वह चिड़ियाघर में नहीं मिल पाता |

इन जीवों ने हमारी धरती को सुन्दर बनाया है | शेर , चीता , भालू , बन्दर , खरगोश , सांप मगरमच्छ तथा मछलियाँ जल - थल की शोभा हैं | रंग - बिरंगे पक्षी, तितलियाँ , भँवरे आदि से केवल शोभा ही नहीं बढ़ती , ये हम सभी के लिए उपयोगी हैं | हमें जीवों की रक्षा करनी चाहिए | हमें उनसे प्यार करना चाहिए और हमेशा उनकी देखभाल करनी चाहिए |

1 चिड़ियाघर में जानवरो को देखकर मन में क्या सवाल उठते हैं ?

2 कभी - कभी इन्हे देखकर क्या लगता है ?

3 चिड़ियाघर में हमें कौन - कौन से जानवर देखने को मिलते है ?

4 जानवरों के लिए वातावरण कहाँ सुखकर है ?

5 रंग - बिरंगे पक्षी क्या करते हैं ?

6 हमें जानवरों से कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

7 ' जानवरों को कैद में रखना उचित नहीं है ' | इस पर अपने विचार प्रकट कीजिये |

8 इस गद्यांश का उचित शीर्षक बताओ |

शब्द अर्थ लिखो :-

9 बंधन -__________

खाली जगह भरो :-

10 ये सभी जीव अपनी ________ के अनुसार नहीं रहते |

11 इन जीवों ने हमारी धरती को _________ बनाया है |

वचन बदलो :-

12 जानवर - ____________

13 पक्षी -____________

लिंग बदलो :-

14 शेर - ______

15 बन्दर -_______

दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

16 ____

17 ____

विलोम शब्द लिखो :-

18 सवाल -

19 सुखकर -

20 वाक्य बनाओ :-

वातावरण -

Poonam Mehra